संख्या- 84 /2024/001-1497-24-1-2024-2422-2008

प्रेषक,

प्रभंजन यादव,

अनु सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,

उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0,

शक्ति भवन, लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-1 **लखनऊ : दिनांक 11 दिसम्बर, 2024**

विषय:-वित्तीय वर्ष 2024-25 के शासकीय आय-व्ययक में ओबरा 'सी' 2×660 मेगावाट तापीय विद्युत परियोजना की स्थापना हेतु वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक (वित्त), उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 के पत्र संख्या-355/उ0नि0लि0/उ0म0प्र0 (वित्त)/, दिनांक 25 सितम्बर, 2024 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 को वित्तीय वर्ष 2024-25 में ओबरा 'सी' तापीय विद्युत परियोजना की स्थापना हेतु अनुदान संख्या -09 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 4801-02-190-14-1409-30 में प्राविधानित धनराशि रूपये 695,00,00,000/- (रूपये छः सौ पन्चांनवे करोड़ मात्र) के सापेक्ष अवशेष धनराशि रूपये 395,00,00,000/- (रूपये तीन सौ पन्चांनवे करोड़ मात्र) में से तृतीय तिमाही हेतु धनरशि रूपये 184,00,00,000/- (रूपये एक सौ चौरासी करोड़ मात्र) को आहरित किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष अनुमति निम्लिखित प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं:-

नियम व शर्तें / प्रतिबन्धों

(1) उक्त प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि आहरित कर अनावश्यक रूप से बैंक में नहीं रखी जायेगी।

(2) उक्त प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि उसी मद में व्यय की जायेगी, जिस परियोजना की स्थापना हेतु स्वीकृत की गयी है।

(3) उक्त प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का आहरण हेतु कारपोरेशन के सक्षम प्राधिकारी द्वारा वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-1 के प्रपत्र संख्या- 42जी/शुद्ध पत्र संख्या-426, दिनांक 13 जुलाई, 1971 द्वारा

निर्धारित प्रपत्र पर बिल बनाया जायेगा तथा तत्संबंधी बिल ऊर्जा अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन को प्रतिहस्तारक्षर हेतु उपलब्ध कराया जायेगा।

(4) प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष समय-समय पर व्यय की गयी धनराशि का सम्पूर्ण विवरण यथा कोषागार का नाम जहाँ से धनराशि आहरित की गयी है, बाउचर संख्या, आहरण की तिथि, लेखाशीर्षक आदि तथा आहरित धनराशि के संबंध में उपयोगिता प्रमाण-पत्र महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, लखनऊ/प्रयागराज और ऊर्जा विभाग तथा वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को नियमानुसार उपलब्ध कराने की बाध्यता होगी।

(5) इस शासनादेश में निर्धारित विशिष्ट शर्तों का अनुपालन निदेशक (वित्त), उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

(6) उक्त प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि के आहरणेपरान्त उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 1,84,00,00,000 (रुपये एक अरब चौरासी करोड़ मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-2025 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 009 लेखा शीर्षक 4801021901409 ओबरा 'सी' तापीय परियोजना 2x660 मे.वा.की स्थापना हेतु अंशपूँजी विनियोजन मानक मद 30 निवेश/ऋण के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या E-10-84-X-2024-25-दिनांक: 06-12-2024 मे प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

प्रभंजन यादव
अनु सचिव।

<u>संख्या- 84 /2024/001-1497(1)-24-1-2024-2422-2008, तद् दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एव हकदारी) प्रथम/(लेखा एव हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज-211001

2- प्रधान महालेखाकार,(लेखा परीक्षा)-प्रथम, 15 ए, दयानन्द मार्ग, सिविल लाइन, प्रयागराज-211001

3- कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-।।), उ0प्र0, आडिट भवन, टी0सी0-35-वी-1, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।

4- मुख्य कोषाधिकारी, लखनऊ।

5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-10/वित्त, (आय-व्ययक) अनुभाग-1/राज्य योजना आयोग अनुभाग-1/गार्ड बुक।

आज्ञा से,

प्रभंजन यादव
अनु सचिव।